तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 9 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 यातायात नियमों की अनदेखी 24 हजार चालकों से 1 करोड़ का जुर्माना



## खबर संक्षेप

### प्रत्येक सोमवार को होगा जनचौपाल का आयोजन

**कोरबा।** जिले में हर सोमवार को कलेक्टर जनचौपाल का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत प्रातः 11 बजे से कलेक्टोरेट परिसर के नव निर्मित सभाकक्ष में आम नागरिकों की समस्याओं को सुनेंगे।

### संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन आज

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आमजन निरंतर लाभान्वित हो रहे हैं। विगत कई दिवस से सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 9 जनवरी को विकासखंड कोरबा के ग्राम भुलसीडीह व डूमरडीह में 10 बजे से, नकटीखार में 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम बतारी में 11 बजे से और ग्राम मलगांव में 2 बजे से, पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पाली में 10 बजे से, दुल्लापुर में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम बंधवाभाठा में 10 बजे से तथा नवापारा में 2 बजे से, विकासखंड पाली के ग्राम बतरा में 9 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया जाएगा।

### पूज्य सिंधी पंचायत की आम सभा आज

**कोरबा।** 26 दिसंबर को आहूत पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा की वार्षिक आम सभा जो कि बाबा संतदास जज्ञासी के आकस्मिक निधन की वजह से स्थगित कर दी गई थी। उसे 9 जनवरी की शाम 6 बजे से स्थानीय सिन्धु भवन में रखी गई है। आम सभा में पंचायत एवं सहयोगी संगठनों द्वारा कार्यकाल पूरा होने की स्थिति में आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जायेगा। सदस्यों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों, सुझावों पर चर्चा कर निर्णय लिये जायेंगे। साथ ही चुनाव अधिकारियों द्वारा पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री किशन चंद दावड़ा के नाम की घोषणा की जायेगी। रात्रि भोज के साथ सभा का समापन होगा।

### दूरस्थ ग्रामों में आयोजित हो रहे शिविर

**कोरबा।** केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को कटघोरा के ग्राम अखरापाली व मौहाडीह में, जनपद पंचायत करतला के सरगबुंदिया व बरपाली में शिविर आयोजित किया गया। साथ ही कोरबा जनपद पंचायत के ग्राम गोड़मा, केसला में, पोड़ी उपरोड़ा जनपद के खम्हारमुड़ा व कुल्हरिया, कुरथा में तथा विकासखंड पाली के ग्राम कोडार व कर्रानवापारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंच रही है। जिसका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया। मोबाइल वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी लेने लोग पहुंच रहे है।

### महिला सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन आज

**कोरबा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष सरोज सुनालिया के नेतृत्व में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का सप्तम प्रांतीय अधिवेशन 9 जनवरी को कोरबा में आयोजित है। इसमें मुख्य अतिथि सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, अशोक मोदी राष्ट्रीय सचिव, रूपा अग्रवाल, अंचल प्रमुख, शारदा मेहरिया प्रांतीय कार्यकारिणी टीम एवं प्रांत की 47 शाखाओं की अध्यक्ष-सचिव के साथ पूरी टीम की बहनें भाग लेंगी। कार्यक्रम में शाखाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# कोरकोमा में तैयार हुआ ग्रामीण हाट बाजार का नया मॉडल

## नाबार्ड के सहयोग से जनपद पंचायत ने कराया तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

ग्रामीण अंचलों में बाजारों को नया स्वरुप देने की शुरुआत की जाने लगी है। पूर्व में डीएमएफ से ग्राम पंचायत लेमरु में नए डिजाईन का शेड बनाकर हाट बाजार को नया स्वरुप दिया गया था। उसके बाद अब नाबार्ड की सहयोग से ग्राम पंचायत कोरकोमा में ग्रामीण हाट बाजार का नया मॉडल तैयार किया गया है। यहां गोदाम की व्यवस्था के साथ साथ व्यापारियों के बैठने के लिए चबुतरे भी एक कतारबद्ध तरीके से बने हैं। बाजार का यह स्वरुप अन्य ग्राम पंचायतों के लिए मॉडल साबित हो रहा है।

नाबार्ड की वित्तीय सहायता से आमतौर पर जिले के ग्राम पंचायतों में तमाम तरह के मूलभूत व जन सुविधा के कार्य किए जाते हैं, जिसमें बाड़ी विकास परियोजना के साथ साथ उद्यानिकी एवं वानिकीकरण कार्य प्रमुख है। अब इसी दिशा पर ग्रामीणों क्षेत्रों के हाट बाजारों को भी नया रुप देने की तैयारियां चल रही है। ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- व्यवस्थित दुकान लगाने के साथ गोदाम की भी है व्यवस्था
- जिले के अन्य ग्राम पंचायतों में भी बनाने की योजना



### 15 लाख की लागत से तैयार हुआ बाजार

शब्द फाउंडेशन के द्वारा नाबार्ड की सहयोग से तैयार ग्रामीण हाट बाजार वर्ष 2023 में तैयार किया गया है। नाबार्ड से 15 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है वहीं ग्राम पंचायत कोरकोमा के द्वारा 1 लाख 70 हजार रुपए पंचायत मद से खर्च किए गए हैं। बाजार का स्वरुप ऐसा है कि एक बड़े गेट तैयार किया गया है जहां से ग्राहक बाजार के अंदर प्रवेश करते हैं वहीं चारों तरफ से सीमेंट के खंभे के साथ फैंसिंग की गई है ताकि आवारा मवेशी अंदर प्रवेश न कर सके। ग्रामीणों की मानें तो ग्रामीण हाट बाजार का स्वरुप इस क्षेत्र का पहला स्वरुप है, मवेशियों से सबसे बड़ी सुरक्षा व्यापारियों को मिल रही है साथ ही उन्हें सामान रखने के लिए गोदाम की भी व्यवस्था दी गई है।

## जिला सहकारी बैंक की कोरबा शाखा में उमड़ रही किसानों की भीड़

# किसानों को नहीं होगी परेशानी, अब बैंक में दो काउंटर से होगा खरीदी व बोनस का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तरफ बंफर धान खरीदी होने पर उपार्जन केंद्रों में धान जाम की स्थिति निर्मित हो रही है तो वहीं दूसरी ओर सहकारी बैंकों की शाखाओं में धान खरीदी के रकम लेने और बीते दो वर्ष का मिला बोनस भुगतान का पैसा लेने किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी है। जिला सहकारी बैंक की कोरबा शाखा में जहां दूरस्थ अंचल लेमरु और श्यांग किसान पहुंचते हैं अब मंगलवार से दो काउंटर से भुगतान की व्यवस्था प्रबंधन ने की है। जिससे किसानों की भीड़ नजर आ रही है।

**खास बात**

- श्यांग से लेकर लेमरू तक के किसानों का भुगतान होता है बैंक से



जिला सहकारी बैंक के कोरबा शाखा में लगी किसानों की भीड़।

जिला सहकारी बैंक अब तक अपना स्वयं का भवन नहीं तैयार कर सकी है। जिले में जब से बैंक की शाखा शुरु हुई है तब से किराये के भवन में संचालित हो रही है। स्थिति यह है कि धान खरीदी के भुगतान के दौरान बैंक में खड़े होने की जगह नहीं मिलती। कमोबेस यही स्थिति बैंक की सभी 6 शाखाओं में निर्मित होती है। जिनमें कोरबा और बरपाली शाखा में सबसे ज्यादा दिखाई पड़ रही है। वर्तमान में सरकार द्वारा बीते दो वर्ष के 2013-14 व 2014-15 व के वित्तीय वर्ष की बोनस राशि एकमुश्त किसानों के खातों में जारी कर दी गई है। जिसे लेने के लिए किसान बैंकों में उमड़ पड़े हैं वहीं दूसरी ओर बंफर धान खरीदी के दौरान धान बेचने वाले किसान भी रकम के लिए खातों से पैसा निकालने बैंक पहुंच रहे हैं दोनों ही कार्य एक साथ होने के कारण इस समय बैंकों में भीड़ का नजारा दिखाई पड़ रहा है। बैंक की मुख्य शाखा कोरबा में सोमवार के दिन भीड़ उमड़ पड़ी। शनिवार रविवार दो दिन अवकाश होने के कारण लेनदेन नहीं होने से एक साथ किसान बैंक पहुंच गये। परिणाम स्वरुप बैंक परिसर के बाहर तक किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। कतार में खड़े किसानों ने बताया कि एक ही काउंटर ⏭ शेष पेज 3 पर

### बने हैं तीन काउंटर

धान खरीदी और बोनस भुगतान के लिए किसान एक साथ आ रहे हैं। पांच कर्मचारी है, तीन काउंटर भुगतान के लिए बना दिए गए हैं ताकि किसानों को परेशानी न हो। तीन कर्मचारियों की ड्यूटी भुगतान काउंटर में लगाई गई है। दो कर्मचारियों की ड्यूटी पासबुक केवायसी व पासिंग में लगाई गई है।

-सरिता पाठक,
शाखा प्रबंधक सहकारी बैंक कोरबा

### दो काउंटर बनाने की जरुरत : राठिया

सोनपुर से धान बेचने पहुंचे किसान गुंज लाल राठिया ने बताया कि जिस तरह से बैंक में भगुतान की व्यवस्था है उससे भीड़ लगना तो लाजमी है। अब धान का समर्थन मूल्य बढ़ने और बोनस की व्यवस्था लागू होने से धान बेचने वाले किसानों की संख्या बीते कुछ वर्षों की तुलना में बढ़ी है। ऐसे में सहकारी बैंक प्रबंधन को चाहिए कि वे मुख्य शाखा में दो काउंटर की व्यवस्था करें ताकि दूर दराज से आने वाले किसानों को भुगतान प्राप्त करने में आसानी हो।

### बढ़ रही किसानों की संख्या, बैंक में नहीं है व्यवस्था

धान बेचने वाले किसानों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है। उस दृष्टि से जिला सहकारी बैंकों से किसी भी शाखा में भुगतान को लेकर कोई अलग से प्रबंध बैंक प्रबंधन के द्वारा नहीं किया गया है। जिसकी वजह से अव्यवस्था का माहौल नजर आता है। प्रतिवर्ष यह स्थिति निर्मित होती है बावजूद बैंक प्रबंधन व्यवस्था बनाने की दिशा पर कारगार कमद नहीं उठाता। जिसका परिणाम दूर दराज से पहुंचे किसानों को भुगतना पड़ता है। उनकी मानें तो बैंक आने के लिए उन्हें घर से सुबह 8 बजे निकलना पड़ता है। डेढ़ से दो घंटे में बैंक पहुंचते हैं और बैंक में एक ही काउंटर से भुगतान की व्यवस्था की गई है।

# खरीदी के दौरान बिचौलियों के 1398 क्विंटल अवैध धान जब्त



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी की सीजन के दौरान जिले में कोचियों, बिचौलियों के अवैध धान के 30 प्रकरणों में 1398.60 क्विंटल धान जब्त किया गया है। अब तक अनुमानित लक्ष्य 2 लाख 57 हजार 424 मीट्रिक टन के विरूद्ध 146021 मीट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है एवं डीओ लेने के बाद भी धान का उठाव नहीं करने वाले राइस मिलर्स के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर ने विपणन अधिकारियों को दिए हैं। अब तक 1 लाख से अधिक मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। समिति में शेष धान 45623 मीट्रिक टन के उठाव हेतु जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने सहकारिता निरीक्षकों को प्रतिदिन कम से कम 3 धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करने एवं पंजीयक सहकारी संस्थान को प्रतिदिन जांच किए गए केन्द्रों की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषकों द्वारा मोबाइल ऐप एवं समितियों के माध्यम से कटवाए गए टोकन के अनुसार किसान के घर/फड़ में उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन उपार्जन केन्द्र के नोडल अधिकारी या निगरानी समिति के सदस्य के माध्यम से करने के लिये कहा। उन्होंने उप पंजीयक सहकारी संस्थान एवं नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को यह कार्य सुनिश्चित कराने के लिए कहा। उन्होंने गुणवत्तायुक्त धान खरीदी नही करने वाले समिति प्रभारी पर सख्त कार्यवाही करने हेतु उप पंजीयक सहकारी संस्थान को निर्देशित किया। ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- धान उठाव नहीं करने वाले राईस मिलर्स के खिलाफ होगी कार्यवाही
- समितियों में जाम पड़े धान को उठाव करने के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

# तेज रफ्तार बाइक टकराई मवेशी से, युवक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोटरसाइकिल में सवार होकर घर जा रहे दो युवकों की तेज रफ्तार मोटरसाइकिल रात के अंधेरे में सीधे एक मवेशी से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक मौके पर ही गिर गए जिससे दोनों को गंभीर चोट आयी जिसमें से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है जबकि दूसरे को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर की है। यहां निवासरत अजय कुमार पटेल 28 वर्ष पिता समय लाल पटेल अपने एक अन्य साथी के साथ रविवार की शाम किसी काम से कोरबा आया हुआ था और देर शाम को वापस अपने घर लौट रहे थे कि इसी दौरान भिलाईखुर्द के पास पहुंचे थे कि सड़क पार कर रही एक मवेशी से जा टकराया। इस सड़क हादसे में अजय पटेल के सिर में गंभीर चोट आयी और उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में उरगा पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- मामला उरगा थाना के ग्राम बरबसपुर का

### टाटा मैजिक जा घुसा ट्रेलर में

सोमवार की सुबह चांपा मार्ग पर हुए एक हादसे में छोटा हाथी वाहन अपने सामने चल रहे ट्रेलर में जा घुसा। उसके चालक व हेल्पर काफी समय तक केबिन में दबे रहे। बाद में पुलिस और लोगों ने मिलकर उन्हें निकाला। दोनों को मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। सुबह लगभग 8 बजे जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर पहंदा में मुख्य मार्ग पर यह घटना हुई। बताया गया कि इस रास्ते पर आगे चल रहे ट्रेलर के पिछले हिस्से में एक छोटा हाथी जा घुसा। दोनों वाहनों के बीच में पर्याप्त अंतर नहीं था। इस बीच ट्रेलर चालक के द्वारा पावर ब्रेक का इस्तेमाल किये जाने के नतीजन छोटा हाथी उसके करीब पहुंचने के साथ भीतर जा घुसा। ऐसे में छोटा हाथी के दो कर्मी केबिन में फंसने के साथ छटपटाते रहे। चूंकि हादसा मुख्य मार्ग पर हुआ था। ऐसे में संवेदनशील लोगों ने फौरन संज्ञान लिया और खबर देने पर उरगा पुलिस भी कुछ देर में यहां पहुंच गई। आपसी समन्वय से काम करने के साथ प्रभावितों को निकाला गया और उन्हें मेडिकल कॉलेज हास्पिटल भेजने की व्यवस्था की गई जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस के द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है।

# रेलवे के मैनेजर के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा रेलवे में मैनेजर के पद पर पदस्थ धीरज कुमार अपने ड्यूटी स्थल से गत दिनों अपने घर वापस आ रहा था। इस दौरान 4 युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसे की डिमांड की थी जब उसने पैसा देने से इंकार किया तो युवकों ने उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत अमरैय्यापारा निवासी धीरज कुमार रेलवे में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 5 जनवरी की शाम लगभग 6 बजे धीरज सीतामणी हटरी से सब्जी लेकर अपने घर अमरैयापारा जा रहा था कि रास्ता में ईमलीडूग्गु के पास रोड में ईमलीडूग्गु कोरबा के बबली दास, सम्राट चौहान, अमन साहू, मन्नु उर्फ आदी मरावी मिले। जिन्होंने धीरज से शराब पीने के लिये 5 सौ रूपये मांगे तब धीरज के मना करने पर उक्त आरोपियों द्वारा गाली गलौच करते हुए मारपीट किया गया। धीरज की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले बबली दास, सम्राट चौहान, अमन साहू, मन्नु उर्फ आदी मरावी के विरुद्ध धारा 294, 327, 34, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**खास बात**

- ड्यूटी कर वापस घट लौट रहा था रेलवे कर्मचारी

## सप्ताह के पहले दिन लिया विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति का जायजा

# कलेक्टर घूमे दफ्तर-दफ्तर, कर्मचारियों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने सोमवार को विभिन्न विभागों के कार्यालयीन शाखाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधीक्षक शाखा, खनिज विभाग, डीएमएफ, भू-अभिलेख शाखा, भू-अर्जन शाखा, नजूल अधिकारी, एनआईसी, न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, कोषालय, नाजिर शाखा, जिला अंत्यावसायी, खाद्य विभाग, आबकारी, खाद्य आपूर्ति निगम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एवं जनसंपर्क विभाग सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कार्यालयों में जाकर विभागीय गतिविधियों सहित शाखा के क्रियाकलापों आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विभिन्न शाखाओं के अधिकारी कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने और शासकीय दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शाखाओं के लिपिकों को समय पर कार्य पूरा करने, अनावश्यक किसी फाइल को रोककर नहीं रखते हुए आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित प्रभारी अधिकारियों को भी अपने शाखाओं ⏭ शेष पेज 3 पर



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते कलेक्टर।

### बायोमेट्रिक से होगी कर्मचारियों की उपस्थिति

कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्टोरेट में कार्यरत सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यालय में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि शासन द्वारा निर्धारित समय पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक में अंगुलियों के निशान के साथ प्रदान करेंगे। इसी तरह कार्यालय से जाने के दौरान शाम को भी बायोमेट्रिक में अपनी अंगुलियों के निशान पंच करने होंगे। निर्धारित समय सीमा से विलंब कार्यालय आने पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# जहर खाकर युवती ने कर ली आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 21 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते पिछले दिनों अपने घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब परिजनों को पता चला कि उसने आत्महत्या करने की नीयत से किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। जिसके बाद आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। युवती ने किन कारणों के चलते आत्माघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामला करतला थाना क्षेत्र के ग्राम औराई की है। यहां निवासरत हीरा साय धनवार की 21 वर्षीय पुत्री शांति बाई धनवार ने 21 दिसंबर को अपने घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब शांति बाई की तबीयत बिगड़ी तो परिजनों को पता चला कि उसने आत्महत्या करने के नियत से जहर का सेवन कर लिया है जिसके बाद युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां पिछले 7 दिनों से युवती का उपचार चल रहा था। बताया जाता है कि सोमवार को इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।


8 korba-BHOOMI-pg2_Layout 1 1/8/2024 11:30 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# बेहद खुबसूरत अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन नहीं रही, फैंस हुए उदास



**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन ने 69 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी शेरिफ कार्यालय ने अभिनेत्री की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि सिंडी मॉर्गन की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई। मॉर्गन को 'कैडीशैक' में लेसी अंडरऑल के किरदार के लिए जाना जाता था, जहां उन्होंने चेवी चेज, बिल मरे और रॉडनी डेंजरफील्ड जैसे कलाकारों के साथ अभिनय किया था। कैडीशैक के अलावा सिंडी मॉर्गन ट्रॉन और फाल्कन क्रेस्ट जैसी फिल्मों में अपनी भूमिका के लिए भी जानी जाती थीं। सिंडी मॉर्गन 80 और 90 के दशक की शुरुआत में कई टीवी श्रृंखलाओं में भी नजर आईं, जिनमें 'ब्रिंग', 'एम बैक अलाइव', 'हवाईयन हीट', 'मास्करेड', 'द फॉल गाइ', 'टफ कुकीज', 'बेवर्ली हिल्स बंट्ज', 'फाल्कन क्रेस्ट', 'मैटलॉक', 'मैनकुसो', 'एफबीआई', 'हंटर' और 'द लैरी सैंडर्स शो' शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 1985 में आई 'द मिडनाइट' ऑवर', 'सोलोमन यूनिवर्स', 1995 की 'डेड वीकेंड', 'अमांडा एंड द एलियन' और 'आउट' जैसी टीवी फिल्मों में भी काम किया। 'कैडीशैक' और 'ट्रॉन' के साथ मॉर्गन के फिल्म क्रेडिट में 1979 की 'अप योर्स', 1995 की 'गैलेक्सिस' और 2006 की 'ओपन माइकर्स' शामिल हैं। उन्होंने आखिरी बार 2022 में आई इंडी फिल्म 'फेस ऑफ द ट्रिनिटी' में मेसन की मां को आवाज दी। अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार में 'कैडीशैक' के लिए ऑडिशन के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा था, 'कैडीशैक मेरी पहली फिल्म थी और मैं कहूंगी कि अंतिम प्रोडक्ट बिल्कुल अलग था। यह मूल रूप से कैडीज के बारे में था, इसलिए पहले मेरे पास करने के लिए कुछ भी नहीं था। पहले मैं ऑडिशन में हार गई। यह मजेदार था।'

### टॉलीवुड

# मुश्किलों में आई विग्नेश शिवन की फिल्म, नाम को लेकर आपत्ति



**चेन्नई।** फिल्म निर्माता विग्नेश शिवन की फिल्म एलआईसी (लव इंश्योरेंस कॉरपोरेशन) को कथित तौर पर इसके शीर्षक उपयोग को लेकर बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम से नोटिस मिला है। हाल ही में एक रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार नोटिस में कहा गया है कि बीमा कंपनी नहीं चाहती कि फिल्म की टीम इसके शीर्षक के साथ आगे बढ़े। बताया जा रहा है कि नोटिस में यह भी कहा गया है कि अगर मेकर्स अगले सात दिनों के भीतर फिल्म का नाम नहीं बदलते हैं तो उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल विग्नेश और टीम ने अभी तक इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। लव इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन में अभिनेता और फिल्म निर्माता प्रदीप रंगनाथन और कृति शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में एसजे सूर्या भी महत्वपूर्ण किरदार निभाएंगे। इसकी घोषणा पिछले साल दिसंबर में की गई थी। विग्नेश ने मुहर्त की तस्वीरें साझा की थीं। साथ ही, कैप्शन में उन्होंने भगवान और पूरे ब्रह्मांड को धन्यवाद दिया था। एलआईसी में विगेश शिवन, प्रदीप और कृति एक साथ पहली बार काम कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण सेवन स्क्रीन स्टूडियो और राउडी पिक्चर्स की ओर से किया जा रहा है। फिल्म का संगीत लोकप्रिय संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया जा रहा है, जो पहले भी कई बार शिवन के साथ काम कर चुके हैं। वहीं, इसके छायांकन की जिम्मेदारी रवि वर्मन के पास है।

### छॉलीवुड

# 'हण्डा' में दिखेगा अमलेश का अभिनय, लेखन और निर्देशन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मशहूर यूट्यूबर अमलेश नागेश इन दिनों लगातार सुर्ख़ियों में है। हाल ही में उनकी फिल्म 'गुईयां' ने दर्शकों के बीच पैठ बनाई। अब नए साल में अमलेश नागेश का 'भैरा कका' के अवतार में 'हण्डा' का पोस्टर धूम मचा रहा है। एन माही फिल्म प्रोडक्शन के बैनर में बन रही 'हण्डा' में अमलेश नागेश न सिर्फ खास भूमिका में दिखेंगे बल्कि उन्होंने इस फिल्म में लेखन और निर्देशन की जिम्मेदारी भी निभाई है। नए साल पर निर्माता मोहित कुमार साहू ने सोशल मीडिया में भैरा कका 'हण्डा' का पोस्टर साझा करते हुए यह खुलासा किया है। छत्तीसगढ़िया सिनेमा के शो मैन सतीश जैन की ले सुरू होगे मया के कहानी में बतौर नायक काम कर चुके अमलेश नागेश अब उनकी अगली फिल्म मोर छइंहा भुंइया-2 में भी नजर आएंगे। यह फिल्म मई में रिलीज होने की संभावना है। इधर ऐसी जानकारी मिली है कि 'हण्डा' को इस साल के अंत तक रिलीज होगी।

## लाइफ स्टाइल



### पेरिस का जादू


पेरिस हाउते कॉउचर की खुमारी अभी उतरी नहीं है। यहां फैंस को दो विरोधी सीमाओं के बीच अदभुत संतुलन देखने मिला। एक विशाल चमकदार उत्सव में हार्मोनिक ओवरटोन के साथ खास डिजाइन फैंस को देखने मिले। डिजाइनर शिआपरेल्ली ने यहां अपने कुछ सबसे सनसनीखेज कलेक्शन का प्रदर्शन किया। सबसे ज्यादा इंस्टाग्राम फॉलोअर्स वाली काइली जेनर ने भी इवेंट में इनमें से एक परिधान पहना था। शो के समापन पर रॉबर्ट वुन की गॉथिक हाउते कॉउचर की शुरुआत ने समां बांध दिया।

# घर में रखी चीज़ों से साफ करें पैरों का कालापन



पैरों के कालेपन का असर हमारी पर्सनेलिटी पर पड़ता है इसलिए इसे रिमूव करना जरूरी है। अक्सर बदलते मौसम और तेज धूप की वजह से पैरों में टैनिंग होने लगती है, जिसकी वजह से पैर अजीब से नजर आते हैं। इन्हें दूर करने के लिए जरूरी है कि आप सही तरीके से इनका ख्याल रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि तभी आप कालेपन को दूर कर पाएंगी और पैरों की रंगत बरकरार रख पाएगी। इसके लिए आपको एक्सपर्ट के बताए गए तरीके को जरूर ट्राई करना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में चीनी लें। अब इसमें कॉफी मिक्स करें। इसके बाद इसमें इनो डालें। नीबू के रस को एड करें और इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स करें। अब इसे पैरों पर अप्लाई करें। फिर हल्के हाथों से रब करें। इससे आपको 15-20 मिनट (मेकअप टिप्स) तक करते रहना है। इसके बाद थोड़ी देर इसे पैरों में लगा रहने दें। फिर पानी से पैरों को साफ कर लें। इस तरीके से आपके पैर साफ नजर आने लगेंगे। आप इस तरीके के हफ्ते में 1 बार जरूर ट्राई कर सकती हैं। कॉफी के इस्तेमाल से आपके पैरों की डेड स्किन साफ हो जाएगी। जिससे उनका (जंवा दिखने के लिए ब्यूटी टिप्स) रंग साफ नजर आएगा। नींबू भी टैनिंग को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

## हॉट ऑयल ट्रीटमेंट और डीप कंडीशनिंग में होता है फर्क



जब हेयर ट्रीटमेंट की बात होती है तो हॉट ऑयल ट्रीटमेंट और डीप कंडीशनिंग काफी पॉपुलर है। ये दोनों ही ट्रीटमेंट बालों को नरिश्ड करते हैं और उन्हें गहराई से पोषण देते हैं। जिससे बाल अधिक स्मूथ व सिल्की नजर आते हैं। अमूमन हम उन दोनों को एक ही समझते हैं, लेकिन वास्तव में वे दोनों अलग होते हैं। हॉट ऑयल ट्रीटमेंट आपके बालों को एक नरिशमेंट देता है और रूखेपन को कम करता है। जिसके कारण बालों के टूटने व स्पिल्ट एंड्स की समस्या को काफी हद तक मैनेज किया जा सकता है। इतना ही नहीं, हॉट ऑयल ट्रीटमेंट के कारण आपके बाल अधिक मजबूत बनते हैं। डीप कंडीशनिंग बालों की केयर करने का एक आसान तरीका है। यह बालों को गहराई से पोषण देने और उसे मॉइश्चराइज़ करने (हेयर केयर टिप्स) में मदद करता है। अगर आपके बाल रूखे, डैमेज्ड या फिर केमिकल ट्रीटेड है तो आपको डीप कंडीशनिंग का सहारा लेना चाहिए। यह आपको बालों को फिर से मॉइश्चराइज करके हेयर फॉल की समस्या को दूर करता है।

# अब नहीं गिरेगा सिर पर से पल्लू जब आप ट्राई करेंगी ये हैक्स



अगर आपके घर में भी बड़ों से पल्ला किया जाता है तो ये हैक्स आपको ट्राई करना चाहिए। आज भी कई घर ऐसे हें जहां पर बहुएं अपने बड़ों से पल्ला करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये पहले से चली आ रही प्रथा जो है। इसे करना जरूरी होता है लेकिन कई बार साड़ी के फेब्रिक ऐसे आते हैं जिसमें सिर पर पल्लू टिकाना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप सही टिप्स को फॉलो करें।

### पल्लू को टिकाने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले आपको लंबा पल्ला प्लीट करके लेना है। फिर इसे सिर पर लगाना है। लेकिन इसके लिए आपको आगे की तरफ थोड़ा सा लंबा पल्ला लेना है। इसके बाद इसे फोल्ड करना है और टिकटॉक पिन से सेट करना है। अब उसी पल्ली को पीछे करना है लेकिन फोल्ड करके। इस तरीके से आपका पल्लू आसानी से आपके सिर पर टिक जाएगा। साथ ही आप इसके बाद किसी भी तरह की साड़ी आसानी से पहन पाएगी।

### पल्लू को पिन से करें सेट

अगर आपका पल्लू ज्यादा गिरता है तो इसे आप अपने बन के ऊपर पिन (वर्किंग वूमन के लिए हैक्स) की मदद से सेट कर सकते हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले पल्लू को जुड़े पर रखना है फिर बॉबी पिन की मदद से सेट करना है। फिर आप चाहे तो इसे सिक्योर करने के लिए और बॉबी पिन लगाएं। इस तरीके से आपका पल्ला सिर पर सेट हो जाएगा और वो गिरेगा भी नहीं।

# डेनिम जैकेट में आपको दिखना है स्टाइलिश, तो फॉलों करें ये टिप्स



फैशन

बदलते फैशन ट्रेंड को देखते हुए हम अक्सर अपने वॉर्डरोब को अपडेट करते हैं ताकि स्टाइलिश लग सके। लेकिन स्टाइलिश लगना इतना भी आसान नहीं होता है। इसके लिए जरूरी है कि आप सही टिप्स का ध्यान रखें ताकि आप जब भी कुछ वियर करें तो वो पहनने के बाद आपके ऊपर अच्छा लगे। डेनिम जैकेट को भी अलग-अलग तरीके से वियर कर सकती हैं और खूबसूरत दिख सकती हैं।

**साड़ी के साथ स्टाइल करें डेनिम जैकेट:** साड़ी के साथ जरूरी नहीं की आप लॉन्ग कोट या फिर कार्डिगन को वियर करें आप इसके साथ डेनिम जैकेट को भी स्टाइल कर सकती हैं। ये स्टाइलिश लगती हैं साथ ही इन्हें पहनने के बाद ठंड भी कम लगती है। बस आपको अपनी पसंद के हिसाब से डेनिम जैकेट खरीदनी है और उसे वियर करना है। आप चाहे तो चुन्नी की तरीके से पल्ले को स्टाइल करके इसे वियर कर सकती हैं वरना पीछे पल्ले के साथ भी इसे स्टाइल कर सकती हैं।

**ड्रेस के साथ स्टाइल करें डेनिम जैकेट:** अगर आप किसी पार्टी या फिर कहीं जानें के लिए ड्रेस पहन रहीं हैं और ऊपर कुछ वियर करना चाहती हैं तो डेनिम जैकेट (स्टाइलिंग टिप्स) को स्टाइल कर सकती हैं। स्टाइलिश लुक के लिए भी इसे वियर किया जा सकता है। इसके लिए आप डबल शेड वाली डेनिम जैकेट या फिर पैच वर्क वाली जैकेट ले सकती हैं इससे लुक और भी ज्यादा स्टाइलिश लगता है। मार्केट में आपको ये 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।


**जंपसूट के साथ स्टाइल करें जैकेट:** आजकल अलग-अलग डिजाइन के जंपसूट आपको मिल जाते हैं जिन्हें आप किसी भी पार्टी या फिर डेली वियर में स्टाइल कर (फैशन हैक्स) सकती हैं। ऐसे में आप चाहे तो इसके ऊपर भी डेनिम जैकेट को स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन इसके लिए लॉन्ग जैकेट न खरीदें बल्कि आप शॉर्ट जैकेट खरीदकर इसे वियर करें इससे आप और ज्यादा सुंदर लगेंगी। मार्केट में आपको य 200 से 500 रुपये में मिल जाएगी। इन तरीकों के अलावा आप अन्य तरीके से भी जंपसूट को स्टाइल कर सकती हैं ।इससे आपका लुक सुंदर ही नहीं सबसे अलग नजर आएगा।

# चाहिए 'ग्रूम्ड मेन' का टाइटल तो इन बातों को लाइफस्टाइल में कीजिए शामिल

'ग्रूम्ड मेन' कौन नहीं कहलाना चाहेगा? आप भी ऐसा चाहते ही होंगे। पर इसके लिए आपने किया क्या है? अच्छे से तैयार हो जाते हैं? बस...अगर हां तो कुछ बातें ऐसी हैं जिनके बिना आप 'ग्रूम्ड मेन' वाले रास्ते पर बिल्कुल नहीं चल रहे हैं। ज्यादातर पुरुष जब समय मिलता है या फिर जब बालों से दिक्कत होने लगे तब ही बाल कटाने जाते हैं। लेकिन बालों के बढ़ते ही फिर वही रूटीन कि 'ज्यादा बढ़ेंगे तब कटा लेंगे।'ये आदत गलत है। हर पुरुष के ग्रूम्ड लुक के लिए सही समय पर हेयर कट जरूरी है। और ये नियम फिक्स होना चाहिए। आपको फिक्स अपॉइंटमेंट पर हर कुछ दिन में हेयर कट करा ही लेना चाहिए।

### आपकी वाली खुशबू

आप पूरी तरह से तैयार हैं और आपसे



एक खास तरह की खुशबू भी आ रही है तो आप ग्रूम्ड मेन वाले खांचे में आसानी से फिट बैठ पाएंगे।इसके लिए आपको अपनी एक खास खुशबू चुननी होगी। आप एक या दो क्लासिक खुशबू चुन सकते हैं। आमतौर पर वुडी, स्पाइसी और हर्बी ब्लेंड जाड़े में अच्छे से काम करता है।

### दांतों का रखिए ध्यान

जैसे आपकी आंखें, आपके दिल का हाल कह देती हैं, ठीक वैसे ही आपके दांत भी आपके कैरेक्टर को बयां कर देते हैं। अपनी ग्रूमिंग करने हुए दांत की सफाई में आप कितना समय देते हैं?

ज्यादातर लोग कहेंगे कि रूटीन वाली सफाई करते ही हैं। लेकिन दांत अच्छे से साफ करने के लिए आपको इनका ज्यादा ध्यान रखना होगा। रिसर्च कहती हैं इलेक्ट्रिक ब्रश 11 प्रतिशत ज्यादा सफाई करते हैं। आप इनका इस्तेमाल करें और माउथ वॉश भी जरूर करें।


### स्क्रब भी करें इस्तेमाल

स्क्रब एक ऐसा प्रोडक्ट है जो अभी भी ज्यादातर लोगों की ग्रूमिंग में शामिल नहीं हुआ है। जबकि स्क्रब का नियम से इस्तेमाल स्किन को हमेशा जवां रखता है।

## कार्नर न्यूज


## चुनौतीपूर्ण करियर है महिलाओं के लिए भी

*आज के समय में कई मेकअप आर्टिस्ट ने अपनी अलग पहचान बनाई है। अगर आप भी उन्हीं की तरह मेकअप आर्टिस्ट बनने का मन बना रही हैं तो पहले आपको कुछ बातों के बारे में जान लेना चाहिए। मेकअप करना हर लड़की को अच्छा लगता है। लेकिन ऐसे भी कई लोग होते हैं, जिन्हें सिर्फ मेकअप करना ही अच्छा नहीं लगता है, बल्कि वे इसमें अपना करियर भी बनाना चाहते हैं। यकीनन यह एक बेहद ही आकर्षक करियर है, जिसमें आप अपनी क्रिएटिविटी को एक नए अंदाज में पेश कर सकते हैं। लोगों की खूबसूरती को निखारने का काम यकीनन आपको बेहद ही उत्साहित करता है। अमूमन लोग इस प्रोफेशन को बेहद ही आसान समझते हैं।*



# मेकअप आर्टिस्ट करियर चुनने से पहले जरूर जान लें ये बातें

### करनी पड़ती है रिसर्चिंग



एक मेकअप आर्टिस्ट का काम सिर्फ मेकअप करना ही नहीं होता है, बल्कि उसे कई अलग-अलग कंपनियों के प्रोडक्ट्स पर रिसर्च करनी पड़ती है। गलत तरह के प्रोडक्ट्स आपके करियर को बर्बाद कर देंगे। चूंकि, आपका क्लाइंट मेकअप के लिए अच्छा पैसा दे रहा है, इसलिए सुनिश्चित करें कि आप अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट्स का ही इस्तेमाल करें। मेकअप की क्वालिटी की पहचान के लिए आपको अलग-अलग ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स को ट्राई करना होता है। इतना ही नहीं, आप प्रोफेशनल्स की मदद से भी यह समझ पाएंगे कि आपको किन प्रोडक्ट्स में इनवेस्ट करना है।

### छुट्टियों का दिन तय नहीं

अमूमन लोग सोचते हैं कि मेकअप आर्टिस्ट बनना एक बेहद आराम का काम है। जबकि ऐसा नहीं है। कई बार यह बहुत अधिक थकाऊ हो सकता है। खासतौर से, अगर आप बतौर फ्रीलांसर मेकअप आर्टिस्ट काम कर रहे हैं तो आपको अपने क्लाइंट के समय व जगह के अनुसार अपनी सर्विसेज देनी पड़ती हैं। यहां तक कि इसके लिए आपको कई बार बहुत अधिक ट्रैवल भी करना पड़ता है। आपकी छुट्टी का कोई दिन तय नहीं होता है। इस तरह के चैलेंजेस मेकअप आर्टिस्ट करियर में बेहद आम हैं।

### लगातार सीखने की जरूरत

कई बार लोग यह सोचते हैं कि अगर वे एक बार मेकअप आर्टिस्ट से जुड़ा कोर्स कर लेंगे तो इसके बाद वे एक बेहतरीन मेकअप आर्टिस्ट बन जाएंगे। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। कोर्स करने के बाद भी आपको लगातार प्रैक्टिस करते रहने की जरूरत होती है। इतना ही नहीं, ब्यूटी इंडस्ट्री डायनामिक है और इसमें लगातार बदलाव होते रहते हैं। इसलिए, मेकअप आर्टिस्ट बन जाने के बाद भी आपको लगातार सीखते रहने की जरूरत होती है। नए प्रोडक्ट्स से लेकर तकनीकों व लेटेस्ट ट्रेन्ड के बारे में आपको जानने की आवश्यकता हमेशा ही पड़ती है।

8 korba-BHOOMI-pg3_Layout 1 1/8/2024 11:26 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### पाली-तानाखार व रामपुर क्षेत्र में होगा विशाल हिंदू महा सम्मेलन

**कोरबा।** केंद्र के बाद राज्य में भाजपा सरकार के आने से एक ओर जहां विकास के लिए डबल इंजन सरकार के रूप में काम हो रहा है तो दूसरी ओर हिंदुत्व जागृत करने की दिशा में भी अभियान चलने लगे हैं। इसी कड़ी में जहां पिछले साल के अंतिम दिनों में कटघोरा में हिंदू सम्मेलन व घर वापसी अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ था, वही अब जल्द ही पाली-तानाखार व रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विशाल हिंदू महा सम्मेलन का आयोजन होने वाला है। भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं अखिल भारतीय घर वापसी अभियान के प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के समर्थक बजरंग फरमानिया ने बताया कि श्री जूदेव के नेतृत्व में होने वाले उक्त दोनों क्षेत्र के सम्मेलन के दौरान जिले समेत प्रदेश के लाखों लोग जुटेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए हिंदूवादी संगठन व प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के समर्थक जुट गए हैं। जिले में पहली बार ऐसा विशाल हिंदू महासम्मेलन का आयोजन होने वाला है। निश्चित ही कार्यक्रम से हिंदू धर्म से दूसरे धर्म में जा रहे परिवारों की वापसी के साथ ही इस तरह के धर्मांतरण कार्यक्रम पर रोकथाम लगेगा। श्री जूदेव दूसरे धर्म में गए लोगों की धर्म वापसी का अभियान शुरू करने वाले भाजपा के कद्दावर नेता रहे स्व दिलीप सिंह जूदेव के सुपुत्र हैं वे अपने पिता के अधूरे सपने को साकार करने अखिल भारतीय घर वापसी अभियान चला रहे हैं। प्रदेश में लगातार घर वापसी का अभियान चलने और हजारों परिवारों के सनातन धर्म में वापसी से श्री जूदेव की प्रतिष्ठा बढ़ रही है।

### बच्चों व कर्मचारियों की पेंटिंग से बनाया गया कैलेंडर



**कोरबा।** बालको में कार्यरत कर्मचारी व उनके बच्चों ने इस बार के वार्षिक कैलेंडर के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन विशेष की थीम पर आकर्षक पेंटिंग बनाई। इसे बालको के सालाना कैलेंडर में प्रमुखता से जगह दी गई है। यही नहीं कैलेंडर के कवर को हैंडमेड शीट से बनाया गया है। इसमें बीज डाले गए हैं। इसे रोपित करने पर उपयोगी फल व पुष्पों के पौधे उगेंगे। यूं प्रकृति संरक्षण का संदेश देने का भी अनूठा प्रयोग किया गया है। वेदांता समूह की बालको द्वारा विगत वर्ष प्रकृति संरक्षण की थीम पर ही कैलेंडर का प्रकाशन किया गया था। इस बार छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों की थीम पर बालको कर्मचारियों व उनके बच्चों से पेंटिंग आमंत्रित की गई। इसमें बड़ी संख्या में एंट्रियां आई।

## रविशंकर नगर में आयोजित भागवत कथा में कृष्ण जन्म का किया गया वर्णन

# रामचरित्र को समझे बिना जीव कृष्ण चरित्र का अधिकारी नहीं हो सकता : ललित वल्लभ



कथास्थल में उपस्थित शहरवासी।



कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई झांकी एवं कथा का वाचन करते कथावाचक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रवि शंकर शुक्ला नगर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भागवताचार्य श्रीहित ललित वल्लभ महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सत्कर्म करते हुए मन और वाणी को मधुर रखना चाहिए तभी हमारा जीवन सार्थक होगा। गज और ग्राह प्रसंग में में बताया कि हाथी का पैर जब मगर ने पकड़ लिया तो उसने अपने बचाव के सभी प्रयास किए अंत में कमल पुष्प लेकर गोविंद प्रभु का स्मरण किया तो भगवान तुरंत प्रगट होकर रक्षा करने आ गए और मगर से कहा मेरे भक्त का पैर छोड़ दे, मगर ने कहा मैं कैसे इसका पैर छोड़ दूं इसने आपके पैर पकड़ रखे हैं इसलिए मैंने इसका पैर पकड़ रखा है। इसलिए भक्त चरण आश्रय से उद्धार निश्चित होता है।

महाराज ने समुद्र मंथन की कथा में कहा कि मंथन के दौरान 14 रत्नों की प्राप्ति हुई। भगवान धन्वंतरि अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए, राक्षसों ने अमृत कलश को छीन लिया तब भगवान मोहिनी अवतार लेकर प्रकट हुए और देवताओं को अमृत पान कराया और देवासुर संग्राम में विजय प्राप्त की। वामन अवतार के संदर्भ में बताया कि वामन भगवान राजा बलि के यज्ञ में पधारे बली को अपने दानी होने का बड़ा गर्व था वामन देव ने तीन पग भूमि मांगी और तीनों लोक नाप लिए। तब राजा बलि ने अपना सिर झुका कर कहा कि तीसरा पैर मेरे सिर पर रख दीजिए। वामन भगवान बलि से प्रसन्न होकर सुतल लोक का राज्य दे दिया। सूर्यवंश वर्णन में राजा सगर के 60 हजार पुत्र कपिल मुनि के श्राप से भस्म हो गए थे उन्हें भागीरथ ने गंगा द्वारा उनका उद्धार किया। इसके अलावा महाराज ने भक्त अंबरीशजी का चरित्र वर्णन, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म कथा का श्रवण कराया।

### श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए उद्योग मंत्री



बालकोनगर के परसाभाठा बेलगरी बस्ती के मध्य स्थित नवधा पंडाल में महानदी युवा संगठन के द्वारा 1 से 8 जनवरी तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के 6वें दिवस बतौर मुख्य अतिथि उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया। अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से पाप ख़त्म हो जाते हैं। लखनलाल देवांगन ने नवधा पंडाल में चबूतरे के निर्माण की जरुरत को देखते हुए जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करवाने की घोषणा की। इस दौरान नरेंद्र देवांगन, प्रफुल्ल तिवारी, ओंकार सिंह राजपूत, नरेश राजपूत, शशी चंद्रा, पवन यादव, शिवबालक सिंह तोमर समेत अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



कथा सुनते जनप्रतिनिधि व नगरवासी।

## श्रीमद भागवत कथा में कथा का श्रवण करने पहुंचे निगम के नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महानदी युवा संगठन के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम परसाभाटा मुख्य मार्ग पर स्थित नवधा पंडाल में 1 जनवरी से चल रहा है। कथा रसपान करने नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल पहुंचे थे। व्यास पीठ पर आसीन पंडित राजेंद्र सिंह महाराज के द्वारा कृष्ण सुदामा चरित्र वर्णन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हितानंद अग्रवाल ने कहा कि व्यास पीठ पर बैठे महाराज के द्वारा हम सभी को कथा श्रवण का मौका मिल रहा है। अगर भक्त सच्चे मन से भगवान को याद करें तो भगवान अपने भक्त को सोच से ज्यादा देता है। सुदामा से मिलने के उपरांत सुदामा को उनकी सोच से ज्यादा ऐश्वर्य की प्राप्ति हुई। इस तरह भाई के रूप में द्रोपदी के याद करने पर चीर हरण के दौरान द्रोपदी के वस्त्र का खत्म ना होना एवं ऐसी अन्य कई घटनाओं का वर्णन पुराणों में मिलता है। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण सुदामा चरित्र वर्णन को झांकियां द्वारा दिखाया गया जो की आकर्षण का केंद्र तथा उक्त कार्यक्रम के दौरान महानदी युवा संगठन के अध्यक्ष ओम ओंकार सिंह राजपूत, महासचिव नरेश राजपूत, मुख्य यजमान सूर्यकांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष नितेश पाठक, पदाधिकारी डॉ महेंद्र निषाद, संजय राठौर, शंकर कश्यप, अश्वनी चंद्रा, प्रहलाद बंजारे, महेंद्र मैत्री, लक्की चंद्रा, महिला समिति की सभी मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

## आर्यन पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमुंडा

ग्रामीण अंचल में आधुनिक संस्कार युक्त शिक्षा प्रदत्त करने को कृत संकल्पित आर्यन पब्लिक स्कूल, गेवरा बस्ती में नन्हे मुन्हे बच्चों के द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने स्वयं के द्वारा बनाए गए अनेक व्यंजनों की स्टाल लगाई। टोकन के माध्यम से इन व्यंजनों को पालकों एवं अन्य आगंतुकों को उपलब्ध कराया गया। सर्वप्रथम संस्था की प्राचार्य श्रीमती अतोषी बनर्जी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए कटघोरा विधायक



कार्यक्रम में शामिल विधायक श्री पटेल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गायत्री मन्दिर नेहरू नगर कुसमुंडा में सोमवार को गायत्री माता के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) के उपलक्ष में 251 घर में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ एवं देव स्थापना का कार्यक्रम 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के उपलक्ष में रखा गया। इस मौके पर गायत्री परिवार से जुडे फिरत राम साहू, चंडी प्रसाद यादव, श्री पटेल एवं सभी गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल का साल, श्रीफल एवं हिंदी साहित्य की किताब भेंट कर स्वागत किया गया। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कटघोरा विधानसभा के विधायक प्रेमचंद पटेल ने गायत्री माता की पूरे विधी विधान से पूजा अर्चना कर नगरवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान दिलीप दाश, कमल सिंह, अमितोष दुबे, श्रवण यादव, मुकुल कर्ष, राजेश पटेल, संतोष राठौर, विकेष झा, पप्पू महाजन, सालिक दुबे एवं गुरदीप उपस्थित रहे।

### जिले के पंजीकृत श्रमिक सुरक्षा बीमा का लाभ लेने कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** असंगठित क्षेत्र के ऐसे श्रमिक जिनका ई-श्रम पोर्टल में 31 मार्च 2022 तक पंजीयन हुआ है तथा जिनकी मृत्यु अथवा अपंगता किसी दुर्घटना के दौरान 31 मार्च 2022 तक हुई है, उन्हें सुरक्षा बीमा का लाभ एक्सग्रेशिया के रूप में देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत दुर्घटना में मृत्यु अथवा दोनो आंखें, दोनों हाथ, दोनों पैरों की पूर्ण रूप से अपूरणीय क्षति, एक हाथ और एक पैर तथा एक आंख अथवा एक पैर की पूर्ण रूप से अपूरणीय क्षति हाने पर 2 लाख रूपए दिए जाने का प्रावधान है। साथ ही पूर्ण रूप से एक आंख की अपूरणीय क्षति और पूर्ण रूप से एक हाथ अथवा एक पैर की अपूरणीय क्षति होने पर 1 लाख रूपए दिया जाता है। सहायक श्रम आयुक्त ने जिले के ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनका 31 मार्च 2022 के पूर्व उक्तानुसार दुर्घटना हुई हो, वे बीमा का लाभ लेने हेतु श्रम विभाग में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जाएगा। इनमें धोबी, दर्जी, माली, मोची, नाई, बुनकर, रिक्शा चालक, घरेलू कर्मकार, कचरा बीनने वाले, हाथ ठेला चलाने वाले, फूटकर सब्जी, फल फूल विक्रेता, चाय, चाट ठेला लगाने वाले फुटपाथ व्यापारी, हमाल, कुली, रेजा, जनरेटर, लाईट उठाने वाले, केटरिंग में कार्य करने वाले, फेरी लगाने वाले, मोटर सायकल, साईकल मरम्मत करने वाले आदि दुर्घटना बीमा का लाभ ले सकते है। साथ ही गैरेज मजदूर, परिवहन में लगे मजदूर आदि भी इस योजना में शामिल हैं।

## जोड़ा जैतखाम में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरुघासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



जयंती कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

ग्राम हरदीबाजार बस स्टैंड एवं तहसील परिसर स्थित जोड़ा जैतखाम में सन्त शिरोमणी परम पूज्य बाबा गुरुघासीदास की 267वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं अध्यक्षता कर रहे। भाजपा जिलामंत्री नरेश टंडन के द्वारा जोड़ा जैतखाम में सत्य का प्रतीक रूपी श्वेत झंडा रोहण किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीराम जांगड़े प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय सतनामी कल्याण समिति, युवराज सिंह कंवर सरपंच प्रतिनिधि, छोटे लाल पटेल,एल के डहरिया प्राचार्य, विमल चंद आनंद शिक्षक, राकेश टंडन (राज्यपाल पुरुष्कृत शिक्षक), हीरालाल अहीर, महिला समाज सेविका राम बाई लहरे,पंच शकुन बाई टंडन, और वरिष्ठ नागरिक मंचस्थ थे। मंचस्थ सभी अतिथियों का आयोजन समिति के अध्यक्ष सूर्या टंडन एवं उनके सभी साथियों के द्वारा शॉल, श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में बाबा के संदेश मानव मानव एक समान ,एकता भाईचारा तथा सामाजिक समरसता के संदेश को सम्पूर्ण मानव समाज को अपने जीवन मे अमल करने को कहा तथा भाजपा जिलामंत्री नरेश टंडन ने बाबा जी के बताए हुए सात सिद्धांतो को हम सबको अपने जीवन मे आत्मसात करना चाहिए करके बताया गया। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष सूर्या टंडन, उपाध्यक्ष साहिल कुर्रे,कोषाध्यक्ष भोजप्रसाद चंद्राकर, सचिव कन्हैया लाल गोयल,सह सचिव सुनील टंडन, प्रचार मंत्री महेंद्र टंडन,सह प्रचार मंत्री धनाराम चंद्राकर, सतीश पाटले, कमल टंडन, राज ओगरे, गोवर्धन टंडन, पवन पाटले, अतुल बंजारे,अनिल चंद्राकर, नवीन अनन्त, सत्यप्रकाश खाण्डेकर, नुतेन्द्र जोशी,संतोष भारद्वाज, मोहित पाटले, खुलेश्वर भारद्वाज एवं सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

## सराइपाली में रासेयो का सात दिवसीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला के एनएसएस इकाई के द्वारा 2 जनवरी को ग्राम सराइपाली में विशेष सात दिवसीय शिविर लगाया गया है। शिविर के पांचवे दिन योग, प्रभात फेरी एवं दो मंदिर की पुताई किया गया। इसके अलावा बौद्धिक परिचर्चा का कार्यक्रम बीएल चौधरी प्राचार्य की अध्यक्षता की गई। इस अवसर पर साधराम कंवर, प्यारेलाल आदिले प्राचार्य, मनोज गुप्ता, श्री सोनकर, श्री कालेलकर, मनीराम राज, पीएस कंवर, एसके गुप्ता, एसके दुबे मंचस्थ थे। इस अवसर पर समस्त अतिथियों के द्वारा महिला सशक्तिकरण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं पोषण जागरूकता पर चर्चा की गई। प्राथमिक शाला सरायपाली के नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्वयंसेवकों के द्वारा साक्षरता एवं पर्यावरण विषय पर नाटक प्रस्तुत किया गया साथ ही सराईपाली के मानस मंडली के द्वारा रामायण गायन किया गया।

## बालको के श्रमिक हक मांग रहे तो मिल रही लाठियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के एकतरफा निलंबन के खिलाफ कर्मचारियों के शांतिपूर्ण आंदोलन को लाठी चार्ज करके बलपूर्वक कुचले जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रशासन बर्बरता पर उतर आई है। अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलना भारतीय जनता पार्टी की परंपरा बन चुकी है। किसी भी तरह की जायज मांग, सलाह, सुझाव या चर्चा की कोई गुंजाइश भाजपा शासन काल में नहीं रह गई है।

सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि बालको प्रशासन कर्मचारियों की वेतन विसंगति और नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को वापस लेने की मांग को अविलंब पूरा करें। शांतिपूर्ण तरीके से टूल डाउन करके प्रदर्शन कर रहे बालको कर्मचारियों पर लाठीचार्ज की घटना निंदनीय है। भाजपा की सरकार पूंजीपतियों के दबाव में कर्मचारियों पर लाठीचार्ज करवा रही है।



ज्योत्सना महंत

सांसद महंत ने कहा है कि हसदेव के जंगलों को बचाने के लिए कांग्रेस एकजुट हैं। हसदेव अरण्य के जंगल में कोयला खनन के लिए काटे जा रहे पेड़ों के विरोध में ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार परसा ईस्ट केते बासेन कोयला खदान को एक निजी कंपनी को आबंटित की है। कंपनी कोयला खनन के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों को काट रही है। ये सभी पेड़ कई वर्षों पुराने हैं। पेड़ों की कटाई से क्षेत्र के लोगों पर गंभीर असर पड़ेगा, साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान होगा। हाथियों के प्रजनन के लिए सुरक्षित क्षेत्र को नुकसान पहुंचेगा व हसदेव बांगो बांध सहित नदी को भी भारी क्षति पहुंचेगी।

***मेधावी छात्र नितेश का हुआ सम्मान**

**कोरबा।** सरस्वती शिक्षण संस्थान रोहणीपुरम में मेधावी छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी सम्मिलित हुए।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोरकोमा में तैयार...

जनप्रतिनिधियों की मांग पर धीरे धीरे बड़ी ग्राम पंचायतों के विशेषकर उन ग्राम पंचायतों में जिन्हें कलस्टर घोषित किया गया है ऐसी ग्राम पंचायतों के हाट बाजारों को नया लेआउट देकर तैयार किया जा रहा है ताकि अन्य ग्राम पंचायतों में भी इसी तरह के नया हाट बाजार तैयार किया जा सके। जहां व्यापारियों की सुविधा के लिए कतारबद्ध एक साथ पक्के शेड की सुविधा हो और एक गोदाम भी हो ताकि व्यापारी अपने सामानों को वहां रख सके। इस तरह की परिकल्पना को ग्राम पंचायत कोरकोमा में साकार किया गया है। एक बड़ी आबादी वाले ग्राम पंचायत कोरकोमा का ग्रामीण हाट बाजार व्यापारियों के साथ साथ यहां आने वाले ग्राहकों को भी आकर्षित करता है इसके अलावा हाट बाजार की व्यवस्था देखने के लिए मुख्यमार्ग से गुजरने वाले अन्य लोग भी बाजार के नए मॉडल को देखते हैं। बाजार को तैयार करने के पूर्व ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित करवाकर इस कार्य की शुरुआत की गई। जिसका परिणाम यह निकला की ग्राम पंचायत को एक व्यवस्थित और सुरक्षित मॉडल ग्रामीण हाट बाजार मिल सका।आवश्यकता इस बात की है कि पंचायत बाजार की व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेदारी इमानदारी से निभा सके।

### किसानों को नहीं...

से बोनस भुगतान की राशि और धान बिक्री की राशि का भुगतान किया जा रहा है जबकि अलग अलग काउंटर दोनों व्यवस्था के लिए बनाया जाना चाहिए था किंतु बैंक प्रबंधन ने अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की है, इससे भीड़ बढ़ी हुई है। यही स्थिति बैंक की बरपाली शाखा में नजर आती है। बैंक की कोरबा मुख्य शाखा में लेमरु,नकिया, विमलता, श्यांग, गुरमा, जिल्गा बरपाली जैसे दूरस्थ अंचल के किसान भुगतान के लिए पहुंचते हैं। पूर्व में इन क्षेत्रों से पहुंचने वाले किसानों की संख्या कम हुआ करती थी किंतु वन अधिकार पत्र हितग्राहियों के धान खरीदने से अब किसानों की संख्या बीते समय की तुलना में बेतहाशा बढ़ चुकी है।

### खरीदी के दौरान...

कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों द्वारा उपार्जित धान के शीघ्र उठाव हेतु उचित व्यवस्था के लिए प्रतिदिन खरीदी किए गए धान की स्टेकिंग, केंद्रों में पर्याप्त हमाल की व्यवस्था, धान की सुरक्षा इत्यादि के संबंध में निर्देश नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को दिए। इस दौरान कलेक्टर ने डीएम नॉन को गुणवत्ता युक्त चावल उपार्जन करने के सख्त निर्देश दिए।

### कलेक्टर घूमे...

के गतिविधियों पर नजर रखते हुए समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आवक-जावक शाखा में प्राप्त पत्रों का क्रमवार संधारण के निर्देश देते हुए कहा कि वे स्वयं 15-15 दिन में शाखा का अवलोकन करेंगे। उन्होंने स्थापना शाखा में टीए-डीए, चिकित्सा दावा, वेतनवृद्धि सहित कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों के पदोन्नति प्रकरणों को समय-सीमा में करने के निर्देश दिए।

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

8 korba-BHOOMI-pg4_Layout 1 1/8/2024 11:28 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### रामपुर विधायक ने मड़वारानी में पुलिस चौकी खोलने एसपी को लिखा पत्र



**कोरबा।** रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया ने पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला को पत्र लिखकर मड़वारानी में पुलिस चौकी या पुलिस सहायता केंद्र खोलने की मांग की है। विधायक श्री राठिया का कहना है कि पूर्व में ग्राम मड़वारानी में पुलिस चौकी खोलने की घोषणा की गई है, जो अभी लंबित है। वर्तमान में एक बहुत बड़े क्षेत्र के लोगों को पुलिस सहायता के लिए पुलिस थाना उरगा जाना पड़ता है। चूंकि मड़वारानी पहाड़ में विराजमान मड़वारानी माता का मंदिर पहाड़ में स्थित है। जिसमें प्रदेशभर से श्रद्धालु निरन्तर दर्शन करने आते हैं। इसके साथ ही मड़वारानी के आस-पास लगभग 35 ग्राम पंचायत के लोग उरगा थाने में पुलिस सहायता हेतु आश्रित है। लोकहित एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु मड़वारानी में पुलिस चौकी या पुलिस सहायता केन्द्र खोला जाना आवश्यक है।

### पीजी कालेज के एमए भूगोल के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण



**कोरबा।** छग शासन उच्च शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम अनुसार प्राचार्य डॉ. साधना खरे के निर्देशन में शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के एम.ए. तृतीय सेमेस्टर भूगोल के 25 छात्र-छात्राओं एवं 3 स्टॉफ सदस्यों का एक दल विशाखापट्नम (आन्ध्रप्रदेश) रवाना हुआ। भ्रमण दल द्वारा विशाखापट्नम समुन्द्र तट, बन्दरगाह, सागरीय लहरों, सागरीय खारापन जल, जल समीर-थल समीर, सबमरीन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। विभागाध्यक्ष डॉ. बी.एल.साय द्वारा छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी जायेगी। सहयोगी शिक्षक के रुप में मनोरजंन सिंह, जनभागीदारी शिक्षक रहे।

### आयुर्वेद में है तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने का उपाय : डॉ.देवब्रत



**कोरबा।** पतंजलि योगपीठ दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट हरिद्वार के 29वें एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हरिद्वार के 12 वें स्थापना दिवस पर इंटरनेशनल लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 सीके डेजी रीजन के रीजन चेयरपर्सन लायन पवन कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में तथा जोन 2 के जोन चेअरपर्सन लायन एसके अग्रवाल की अध्यक्षता में युवा भाजपा नेता रजनीश देवांगन, पतंजलि युवा भारत के राज्य कार्यकारिणी सदस्य संजय कूर्मवंशी, बिलासपुर आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. विवेक दुबे, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. देवेन्द्र कश्यप, कोरबा जिला संयोजक डॉ. संजय वैष्णव तथा सहसंयोजक द्वय डॉ. सौरभ जायसवाल तथा एलएन जायसवाल के विशिष्ट आतिथ्य में एवं उत्तर प्रदेश प्रांत बनारस-सोनभद्र के अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य डॉ.देवब्रत यादव, जयपुर राजस्थान के ज्योतिषाचार्य द्वय संजय कुमार बावलिया तथा अशोक बजावा की विशेष उपस्थिति में 5 जनवरी को पतंजलि चिकित्सालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका में निःशुल्क आयुर्वेद, योग, अस्थि खनिज घनत्व एवं रक्त शर्करा जांच चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का हुआ आयोजन।

### तापमान बढ़ने के बाद भी ठंड बढ़ी

**कोरबा।** मौसम अब फिर से करवट लेने लगी है। सोमवार को कई क्षेत्रों में बौछारें पड़ी थी। इसकी वजह से सोमवार को ठंड बढ़ गई है। तापमान 4 डिग्री बढ़कर 28 पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 15 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह से ही सड़कें कोहरे के आगोश में रहे। इसकी वजह से विजिबिलिटी भी कम हो गई थी। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी युक्त हवा के कारण न्यूनतम तापमान में कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

## यातायात पुलिस द्वारा लगातार सड़कों पर चलाया जाता है अभियान

# यातायात नियमों की अनदेखी 24 हजार चालकों से 1 करोड़ का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यातायात पुलिस द्वारा लगातार चौक चौराहों में कैंप लगाकर स्कूलों में भी यातायात नियमों की पाठशाला लगाई जाती है ताकि लोग यातायात नियमों का बखूबी पालन करें लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं और यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हैं। ऐसे चालकों को सबक सिखाने के लिए यातायात पुलिस लगातार सड़कों पर कार्यवाही भी करती है। पिछले एक वर्ष के दौरान यातायात पुलिस ने 24 हजार 210 चालकों को सबक सिखाया है। जिन्होंने यातायात नियमों की अनदेखी की है जिनसे यातायात पुलिस ने 1 करोड़ 4 लाख 87 हजार 6 सौ रुपए की बतौर जुर्माने के रूप में वसूली भी की है।

उल्लेखनीय है कि जिले की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला लगातार प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए वे यातायात पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों को लगातार निर्देशित भी कर रहे हैं। इस कड़ी में यातायात पुलिस की टीम स्कूलों में पाठशाला लग रही है और उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दे रही है। साथ ही चौक चौराहे में कैंप लगाकर यातायात नियमों का किस तरह पालन करना है और सड़कों पर किस तरह चलना है यह भी बताया जा रहा है और हाईवे पर कितनी रफ्तार पर गाड़ी दौड़ानी है यह भी बताया जा रहा है लेकिन इसके बाद भी लोग हैं कि यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही भी हो रही है। यातायात प्रभारी गोवर्धन मांझी, एएसआई मनोज राठौर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारियों की टीम लगातार सड़क पर नजर आ रही है और यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों पर कार्यवाही कर रही है। यातायात पुलिस से मिले आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 में पुलिस ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले कुल 24 हजार 210 चालकों के खिलाफ कार्यवाही कर 1 करोड़ 4 लाख 87 हजार 6 सौ रुपए बतौर जुर्माने के रूप में वसूली की है।



कार्यवाही करते यातायात पुलिस के जवान।

### सर्वमंगला-तरदा मार्ग को किया गया है वन वे

कुसमुंडा सर्वमंगला मार्ग में लगातार जाम की स्थिति निर्मित होने की वजह से पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सर्वमंगला से तरदा नहर मार्ग को वन वे किया गया है। बताया जाता है कि इस मार्ग में सिर्फ सर्वमंगला से लोड गाड़ी तरदा की ओर जाएगी जबकि तरदा की ओर से कोई भी खाली गाड़ी इस मार्ग में नहीं आएगी बल्कि खाली ट्रेलर वाहन उरगा, बरबसपुर, बालको, सर्वमंगला से कुसमुण्डा खदान जाएगी।

### 621 प्रकरण भेजे गए थे न्यायालय

यातायात पुलिस ने जहां सड़कों पर बेतरतीब वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की है तो वहीं दूसरी और ऐसे चालक जो शराब पीकर वाहन दौड़ते हैं उनके खिलाफ यातायात पुलिस सख्त एक्शन में नजर आई है और कुल 621 शराबी चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें सीधे न्यायालय में पेश किया गया है। यातायात पुलिस से मिले आंकड़ों के मुताबिक न्यायालय में पेश की गई 621 प्रकरणों में बतौर जुर्माना के रूप में 28 लाख 9 हजार 700 बतौर जुर्माने के रूप में वसूल किया गया है।

# भूविस्थापितों ने एसडीएम जीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र अंतर्गत आमगांव के आश्रित मोहल्ला दर्राखाँचा, जोकाहीडबरी के परिसम्पतयों मकानों की मुआवजा का भुगतान पिछले 7 सालों से लटका है। प्रबन्धन और जिला प्रशासन के बीच फाइल इधर से उधर घूम रहा है इस बीच परिसम्पतियों का मूल्यांकन करने बाले राजस्व अधिकारी और प्रबन्धन के अधिकारी का ट्रांसफर हो चुका है। भुगतान का भरोसा मिल जाने के कारण मकानों को ध्वस्त किया जा चुका है और वर्तमान तहसीलदार मौके पर मकान नहीं होने का हवाला देकर अपना हाथ खड़ा कर लिए हैं जिसके कारण 91 परिवार मुआवजा से वंचित हो रहे हैं। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के बैनर तले पाली एसडीएम और गेवरा महाप्रबंधक के कार्यलय में प्रदर्शन कर 5 सूत्रीय मांग पत्र के साथ 16 जनवरी से खदान में अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी गयी है। उन्होंने अपने मांग पत्र में उल्लेख किया है जिनमें मुआवजा का भुगतान सौ प्रतिशत, मुआवजा राशि की जानकारी सहित पावती प्रदान किया जाए, बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किया जाए एवं ग्राम आमगांव के लिए नेहरूनगर बतारी में दिए गए पुनर्वास स्थल में समस्त सुविधायें यथाशीघ्र निर्माण कराई जाने की मांग की गई है।

## गृह शहर में आगमन पर हुआ स्वागत...



कोरबा। पार्थ श्रीवास्तव ने 67वें नेशनल स्कूल गेम्स में कोरबा जिले से स्विमिंग में पहली बार पदक जीत कर सोमवार को नगर आगमन होने पर खेल प्रेमियों द्वारा स्वागत किया गया। ज्ञात रहे कि पार्थ श्रीवास्तव इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में मैडल हासिल कर चुके हैं।

# अब चुईया घाट से निकाल सकेंगे रेत, मशीन की जगह मजदूरों से करानी होगी लोडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अरसे बाद जिले में एक नए रेत घाट के संचालन की स्वीकृति खनिज विभाग को प्राप्त हुई है। निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर चुइया रेत घाट शुरू कर दिया गया है। इसके लिए रॉयल्टी पर्ची भी जारी कर दी गई है पर साथ में इस शर्त के साथ स्वीकृति प्रदान की गई है कि इस रेत घाट में उत्खनन और लोडिंग का कार्य मशीनों से नहीं, बल्कि मेन्युअल ही करना होगा। बहरहाल रेतघाट की स्वीकृति से जरूरत के विपरीत सीमित सुविधा में वृद्धि से लोगों को कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद की जा रही है।

रेत तस्करों की गतिविधियों के कारण अधिकृत रेट घाट चल नहीं पा रहे हैं और ऐसी स्थिति में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए संबंधित लोगों को कई गुना ज्यादा कीमत पर रेट प्राप्त करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस समस्या से लोगों के लिए राहत की जुगत करते हुए अब जाकर खनिज विभाग ने रेट की आपूर्ति को सुगम और सरल करने की दिशा में ध्यान दिया है। खनिज विभाग के अनुसार पांच स्थान पर रेत घाट शुरू करने की योजना है। चार रेत घाटों के लिए अनुबंध संबंधित प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी, जिसमें से एक चुइयां का रेत घाट अब शुरू हो गया है। शेष चार में भी प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण कर लिए जाने की बात कही जा रही है। जिसके बाद लोगों को परेशानियों से रात मिल सकेगी। रॉयल्टी की सुविधा देने का काम खनिज विभाग करने जा रहा है। जिन अन्य स्थानों से लोगों को सुविधा प्राप्त होगी उनमें से दो रेट घाट शहर के पास ही हैं। चुइया रेत घाट के लिए खनिज विभाग की ओर से रॉयल्टी बुक भी जारी कर दी गई है पर यहां रेत उत्खनन व लोडिंग का कार्य सिर्फ मेनुअल ही किया जा सकेगा। खनिज विभाग ने लोगों की जरूरत देखते हुए नए घाट की स्वीकृति की कवायद शुरू की थी। पांच रेत घाट को शुरू करने की योजना विभाग की थी, जिसमें से एक चुइया रेतघाट शुरू कर दिया गया है। चुइया रेत घाट की स्वीकृति मिलने के साथ रॉयल्टी बुक जारी भी जारी कर दी गई है, जिसके अनुसार 10 हजार घन मीटर रेत निकालने की अनुमति प्रदान की गई है।



रेत निकालते हुए।

# अकांक्षी जिला में सिसकता एजुकेशन सिस्टम, पेंड के नीचे लग रही पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन को खनिज संपदाओं के जरिए हजारों करोड़ों रुपए का राजस्व देने वाले आकांक्षी जिला कोरबा में एजुकेशन सिस्टम सिसक रहा है। स्कूलों के इन्सफ्रास्ट्रक्चर (अधोसरंचना) की दिशा में संजीदगी से पहल करने के बजाय हर साल विभागीय मद के अलावा, डीएमएफ एवं सीएसआर के 50 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सामाग्री सप्लाई जैसे फर्मों को उपकृत करने वाले कार्यों में व्यय किया जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि पोंडी उपरोड़ा विकासखंड में एक स्कूल का संचालन भवन के अभाव में पेड़ के नीचे पाठशाला लगाकर किया जा रहा है। यहां अभावों के बीच वनांचल पहाड़ी गांवों के 9 बच्चे विद्यार्जन कर सुनहरे भविष्य की बुनियाद गढ़ रहे।

जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर विकासखंड पोंडीउपरोड़ा के ग्राम तिलईडांड में यह नजारा देखा जा सकता है। यहां संचालित प्राथमिक शाला अकांक्षी जिला में शिक्षा व्यवस्था के नाम पर व्यय किए जा रहे करोड़ों रुपए के अपव्यय, विभागीय अदूरदर्शिता एवं जमीनी वास्तविकता प्रदर्शित करने में पर्याप्त है। सन 2007 से यहां प्राथमिक शाला संचालित है। जब विद्यालय की सौगात मिली तो गांव के ग्रामीणों की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा, सब इस बात से अत्यंत हर्षित थे कि अब उनके बच्चों को गांव में ही प्राथमिक शिक्षा मिल जाएगी। 5 से 7 किलोमीटर का सफर तय नहीं करना पड़ेगा लेकिन आज जो वर्तमान परिस्थितियां निर्मित है उसने ग्रामीणों की चिंताएं बढ़ा दी है। विद्यालय भवन पिछले 5 वर्षों से अत्यंत जर्जर हो चुकी हैं। हालात ऐसे हैं कि इस साल भवन की अत्यंत जर्जर हालत देख प्रधानापाठक चंद्रपाल सिंह मरावी एवं सहायक शिक्षक अर्जुन सिंह मरावी पेंड के नीचे ही खुले में पाठशाला लगा गांव के 9 बच्चों की सुनहरे भविष्य की बुनियाद गढ़ रहे। प्रधानपाठक ने बताया कि प्लास्टर पूरी तरह उखड़ चुका है,कभी भी भवन का छज्जा गिर सकता है, इसलिए एहतियातन बाहर में क्लास लगा रहे। वस्तुस्थिति की सूचना अधिकारियों तक दे चुके हैं लेकिन इस दिशा में अभी तक कोई पहल नहीं हुई।



स्कूल कक्ष से बाहर पढ़ाई करते छात्र।

### शीघ्र करेंगे पहल

विद्यालय में बच्चे बेहद मर्ज करने की दिशा में प्रयास करेंगे, साथ ही यदि ऐसा संभव न हुआ तो भवन निर्माण के लिए प्राथमिकता से पहल करेंगे। मामले की पूरी जानकारी ले लेते हैं।

**-एके चंद्राकर,** बीईओ, पोंडी उपरोड़ा

### कमजोर छात्राओं के लिए लगाई जाएगी एक्सट्रा क्लास

**कोरबा।** पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल में रहकर पढ़ाई कर रहे बोर्ड कक्षाओं के कमजोर छात्राओं की अतिरिक्त क्लास लगाई जाएगी। इनकी बोर्ड परीक्षा की तैयारी को जानने के बाद कलेक्टर अजीत वंसल ने अधीक्षिका को जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने हॉस्टल में छात्राओं की दर्ज संख्या व खाली सीटों की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के एकलव्य, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय स्कूल के अलावा यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। छात्रावास परिसर की सफाई, भोजन व्यवस्था समेत सुरक्षा सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई में हिंदी व अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ अपनी मातृभाषा का ज्ञान रखने और घरों में बातचीत के लिए मातृभाषा का उपयोग करने की सलाह दी। तय मेनू अनुसार छात्रों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने कहा। स्कूल के नए भवन निर्माण की क्रियान्वयन प्रकिया को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# दिन रात मेहनत करके करें पढ़ाई, अच्छे अंकों से हों पास : प्रेमचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम कोरबी शालेय वार्षिकोत्सव में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल सम्मिलित हुए। इस दौरान विधायक श्री पटेल ने बच्चों को दिन रात मेहनत करके पढ़ाई करने को कहा साथ ही साथ अच्छे अंको से पास होने पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सम्मानित किए जाने की बात कही। विधायक श्री पटेल ने छात्रों व शिक्षकों को एक परिवार की तरह साथ रहते हुए एक दूसरे की भावनाओ को समझने की सलाह दी। छात्र छात्राओं के कार्यक्रम से खुश होकर विधायक ने पुरुष्कार भी दिया। संस्था के प्राचार्य के अनुरोध पर स्कूल के सामने बने तीन शेड को आगे बढ़ाने व अहाता की ऊंचाई बढ़ाने की मांग पर विधायक प्रेमचंद पटेल ने उक्त कार्य पूर्ण करने की घोषणा की। ततपश्चात गायत्री मंदिर अमलीपारा में पहुचकर श्रीफल तोड़, पूजन कर आशीर्वाद लिया। ज्ञात हो कि सरजूलाल निषाद के द्वारा चुनाव से पूर्व कटघोरा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल को विधायक जीत की कामना के लिए स्थानीय गायत्री मंदिर में नारियल वंदन किया था। उसी नारियल को विधायक ने तोड़ कर प्रसाद प्राप्त किया। उसके बाद बोकरामुड़ा में अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश सह कीर्तन आरती में सम्मिलित हुए। श्री पटेल ने मुड़ापार से कोरबी 4 किमी की सड़क को जल्द से जल्द बनाने के लिए सभी लोगो को आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा है कि सड़क बनाना उनकी पहिली प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में छोटे लाल पटेल, सरजू लाल निषाद, रघुराज सिंह उईके, संजय सिंह राठौर, फत्ते सिंह राठौर, लखन लाल राठौर अधिवक्ता, शिव राठौर, दुर्गेश कश्यप, शिव मरकाम, बलराम महाराज, बलदेव गुरुजी, शिवरतन राठौर, जनपद सदस्य सन्तोषी पाटले, सरपंच कोरबी सन्तोषी धनुवार,विजय सिंह धनुहार, सचिव गिरीश चन्द्र कश्यप,स्कूल के प्राचार्य वीरभद्र सिंह पैकरा,साहू सर,दीपक लहरे सर,सुरेन्द राठौर,सर,लहीमोर सर एवं समस्त स्कूल स्टाफ एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी एंव ग्रामीण उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मंचस्थ कटघोरा विधायक श्री पटेल एवं अन्य अतिथिगण।

